हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 अप्रैल 2026



06 राघोगढ़ विधानसभा के आरोन में भाजपा का...



07 जिले में शराब की दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया में अब भी 6 दुकानें शेष



## नगर के इंवेंट

### गुना में 26 मई को होगा निःशुल्क आदर्श विवाह सम्मेलन, तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



**गुना।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ, जिला गुना के तत्वावधान में आगामी 26 मई (गंगा दशमी) को श्री हनुमान टेकरी सरकार दरबार, गुना के हॉल नंबर 5 एवं 7 में निशुल्क आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।इसी क्रम में रविवार, 5 अप्रैल को एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पेपर, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों के जरिए जिलेभर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन का लाभ उठा सकें।महासंघ के पदाधिकारियों ने जिले की जनता से अपील की है कि अपने विवाह योग्य बच्चों का पंजीयन कर इस प्रथम आदर्श विवाह सम्मेलन में शामिल करें। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पूर्णतः निशुल्क होगा, जिससे नवदंपति अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत सादगी, सुख और समृद्धि के साथ कर सकेंगे।बैठक में प्रदेश सचिव लक्ष्मण प्रजापति, जिला अध्यक्ष नन्नूलाल प्रजापति, जिला महासचिव डॉ. तारा सिंह प्रजापति, जिला संरक्षक कमल सिंह प्रजापति, कोषाध्यक्ष धन्नालाल प्रजापति, उपाध्यक्ष मिट्ठू लाल प्रजापति, मुंशीलाल प्रजापति, प्रचार मंत्री तुलाराम प्रजापति, तहसील युवा अध्यक्ष सोनू सर (बमोरी), पूर्व जिला संरक्षक मोतीलाल बमोरी, समाजसेवी राकेश प्रजापति, अभय प्रजापति सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

### ओमकार नर्सिंग महाविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार आयोजित



**गुना।** स्थानीय कलमकार कॉलोनी स्थित ओमकार नर्सिंग महाविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य के महत्व और जागरूकता पर विस्तृत चर्चा की गई। महाविद्यालय की संचालिका डॉ. मधु कृष्णानी ने कहा कि “पहला सुख निरोगी काया” अर्थात जीवन का सबसे बड़ा सुख स्वस्थ शरीर है। उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम, प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग एवं टहलना, संतुलित आहार लेना और तनाव कम करने के लिए ध्यान तथा परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है।महाविद्यालय के संचालक श्री आनंद मंगल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमें भविष्य की चुनौतियों का सकारात्मक सोच के साथ सामना करना चाहिए तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान वैज्ञानिक तरीके से करना चाहिए।प्राचार्य निर्मल नागर ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की अवधारणाओं और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसके लक्ष्यों की जानकारी दी। वहीं शिक्षक डॉ. शिवचरण करौट ने विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम “स्वास्थ्य के लिए एकजुटता एवं विज्ञान के साथ खड़े रहना” पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से वैज्ञानिक सोच अपनाने का आह्वान किया।सहायक प्राध्यापक श्री संजीत कुमार कुशवाह ने विश्व स्वास्थ्य दिवस का महत्व बताते हुए स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहने की अपील की।इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी कुणाल देशमुख, मनीष श्रीवास्तव, नीरज मीना, पूर्णिमा सेन सहित महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ललित सेन द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन देवेन्द्र लोधा ने किया।

## 4 किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार, 1.75 लाख का माल जब्त

**गुना पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में गुना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में एक आरोपी को 4 किलो से अधिक गांजा और मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा नशा माफियाओं के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी में संलिप्त लोगों पर लगातार प्रहार किया जा रहा है।इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया।घटना 6 अप्रैल 2026 की शाम की है, जब फतेहगढ़-नाहरगढ़ रोड स्थित निवेरी गांव के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक टीवीएस रेडियोन मोटरसाइकिल (क्रमांक MP08 MY 9005) आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया।



पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कल्लू पुत्र बादाम सिंह राजपूत (उम्र 31 वर्ष), निवासी ग्राम खडेला, थाना बमोरी बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से प्लास्टिक के कट्टे में 4.070 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 1 लाख रुपये मूल्य का गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त 75 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल जब्त की। इस प्रकार कुल 1.75 लाख रुपये का मशरुका बरामद किया गया।आरोपी के विरुद्ध फतेहगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 61/26 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी के अन्य नेटवर्क और तस्करी के स्रोतों की भी गहन जांच कर रही है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों एवं जवानों का सराहनीय योगदान रहा।


### विधायक पन्नालाल शाक्य का प्रशासन पर एक और हमला

## मंडी में किसानों पर बरसाई गई लाठी! दोषी कर्मचारियों को दंडित करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सार्वजनिक मंचों पर अक्सर अपने दिल का दर्द बयां करने वाले विधायक पन्नालाल शाक्य इस बार किसानों के दर्द को महसूस करते हुए उनके हमदर्द बनकर सामने आए हैं।अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोरने वाले और पिछले दिनों प्रशासन को नाकारा कहकर एक बार फिर से अपने तीखे तेवर दिखाने वाले क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य ने इस बार किसानों को तथाकथित रूप से प्रताड़ित किए जाने के मामले में प्रशासन पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने दोषी कर्मचारियों को दंडित करने की भी मांग उठा दी। जिले की कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ कथित मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 29 गुना के विधायक पन्नालाल शाक्य ने इस घटना को लेकर कलेक्टर को कड़ा पत्र लिखते हुए प्रशासनिक रवैये पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

विधायक शाक्य ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 6 अप्रैल 2026 को मंडी में अपनी फसल बेचने पहुंचे किसानों को उचित दाम नहीं मिलने पर उन्होंने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन इसके जवाब में उनके



साथ मारपीट की गई। उन्होंने इसे “अत्यंत दुखद और शर्मनाक” बताते हुए दोषी कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि जब केंद्र में नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री किसानों के हित में लगातार निर्णय ले रहे हैं, तब प्रशासन का ऐसा व्यवहार अन्नदाताओं के सम्मान के खिलाफ है।

#### गर्मी में बेहाल किसान, सुविधाओं का टोटा

विधायक ने मंडी में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी को भी मुद्दा बनाया है। उन्होंने मांग की कि भीषण गर्मी को देखते हुए पीने के पानी, छाया और ठहरने की समुचित व्यजवस्था तत्काल की जाए।

#### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

शाक्य ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन कर्मचारियों ने किसानों के साथ मारपीट की, उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

#### पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री और अपर मुख्य सचिव को

इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री और अपर मुख्य सचिव को भी भेजी गई है, जिससे यह मामला अब शासन स्तर तक पहुंच गया है।अब सवाल यह उठता है कि विधायक की कड़ी नाराजगी के बाद क्या किसानों के सम्मान की रक्षा होगी या फिर मामला सिर्फ कागजों में ही दबकर रह जाएगा?

#### पिछले दिनों कह चुके हैं नाकारा

क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य अमूमन अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं ।कुछ लोग उनके बयानों को गंभीरता में बताते हैं तो कुछ उन्हें अपने फ्रस्ट्रेशन के कारण ऐसा करने के लिए मजबूर बताते हैं ।हालांकि जो भी हो लेकिन उनके बयान हमेशा चर्चाओं में रहते हैं ।जिस तरह से उन्होंने पिछले दिनों भरे मंच से कलेक्टर की मौजूदगी में प्रशासन को नकारा कह कर सबको स्तब्ध कर दिया था और हाल ही में एक बयान में उन्होंने भी खुद को कलेक्टर बनने का इच्छुक बात कर लोगों को चौंका दिया था।

### गुना में परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान नियम उल्लंघन पर 7 हजार जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा गुना शहर में दो खम्बा तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री बसों की जांच की गई।आज चेकिंग के दौरान कुल 23 वाहनों का निरीक्षण किया गया। जिनमें से 7 वाहनों में फायर सेफ्टी उपकरणों की कमी सहित अन्य आवश्यक मानकों का पालन नहीं पाया गया। नियमों की अनदेखी करने वाले इन वाहन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग द्वारा कुल 07 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग द्वारा वाहन संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वाहनों में सभी सुरक्षा मानकों, विशेषकर फायर सेफ्टी उपकरणों को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि से बचा जा सके।इस चेकिंग अभियान में चैकपॉइंट प्रभारी शसंतोष सिंह तोमर, महेश मांझी, सैनिक प्रकाश जाटव, हरिओम रघुवंशी अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। परिवहन विभाग द्वारा भविष्य में भी इस तरह के नियमित अभियान जारी रखने की बात कही गई है, जिससे सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाया जा सके।




### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर न्यायालय परिसर गुना में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय गुना के समन्वय से न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ताओं तथा पक्षकारों के स्वास्थ्य के हित को ध्यान में रखते हुए जिला न्यायालय गुना में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं गांधी पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर श्री मिश्र ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मन का निवास होता है। यदि हमार शरीर स्वस्थ्य रहेगा तो हम अपने सभी कार्य पूरी ऊर्जा एवं स्फूर्ति के साथ पूर्ण कर सकते हैं। हमारे द्वारा कई बार छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान न देने के कारण वे आगे चलकर बड़ी बीमारी का रूप ले लेती है जिसके बचाव हेतु हम सभी को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाते रहना चाहिए।विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार जैन ने समस्त कर्मचारीगणों एवं अधिवक्तागणों को स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

शिविर के संबंध में वंदना त्रिपाठी सचिव द्वारा जानकारी दी गई। शिविर के माध्यम से शुगर की जांच, ब्लड की जांच, ब्लड प्रेशर, दांतों की बीमारी की जांच की जाकर यथोचित उपचार हेतु दवाईयां भी वितरित की जा रही है। समस्त न्यायिक परिवार, अधिवक्ता संघ के सदस्य, अधिवक्तागण एवं समस्त कर्मचारीगण उक्त शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर शिविर का लाभ प्राप्त करे।

इसके साथ ही दिनांक 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत, निःशुल्क हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे मे भी जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर सतेन्द्र शर्मा मुख्य सलाहकार जिला चिकित्सालय गुना द्वारा यह बताया गया कि वर्तमान में बीपी शुगर की बीमारियां तेजी से बढ रहीं हैं इसलिए नियमित जांच कराना आवश्यक हैं। जिला चिकित्सालय द्वारा लोगों के स्वास्थ्य हितों को देखते हुए यह परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### मंडी व्यवस्था सुधार के लिए एसडीएम शिवानी पांडे की व्यापारियों के साथ बैठक

**गुना।** एसडीएम शिवानी पाण्डे द्वारा आज एसडीएम कार्यालय गुना में मण्डी व्यवस्था के सुधार को लेकर व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार जीएस बैरवा सहित मण्डी व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान फसल नीलामी (डाक) व्यवस्था को अधिक सुचारू, पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। व्यापारियों ने अपनी प्रमुख मांग रखते हुए नीलामी के दौरान पुलिस बल की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बने। इसके अतिरिक्त, मण्डी परिसर में आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को व्यवस्थित रूप से खड़ा कराने हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की मांग भी व्यापारियों द्वारा रखी गई, जिससे यातायात और नीलामी प्रक्रिया दोनों सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक में सहमति के साथ निर्णय लिया गया कि मण्डी का संचालन प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा तथा पर्याप्त उजाला रहने तक नीलामी गतिविधियां जारी रहेंगी।

### मरघटशाला निर्माण में अतिक्रमण बन रहा बाधा ग्रामीणों ने जनसुनवाई में की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की बमोरी तहसील अंतर्गत ग्राम सिलावटी रामपुर में प्रस्तावित शांतिधाम निर्माण कार्य अतिक्रमण के कारण अटका हुआ है। इस समस्या को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में आवेदन दिया और अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा शांतिधाम (मरघटशाला) निर्माण के लिए शासकीय भूमि स्वीकृत की जा चुकी है और इसके लिए प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति भी मिल चुकी है। इसके बावजूद उक्त भूमि पर पांचौरा निवासी श्याम मीना द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिससे निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी पंचायत निर्माण कार्य प्रारंभ करने का प्रयास करती है, तब संबंधित व्यक्ति विरोध करता है और काम रुकवा देता है।ग्रामीणों ने बताया कि शांतिधाम का निर्माण न होने से अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं में दिक्कतें आ रही हैं, जिससे पूरे गांव को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटवाकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि इस परियोजना के लिए करीब 21.6 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बावजूद इसके कार्य रुका हुआ है। प्रशासन ने आवेदन को संबंधित विभाग को भेजकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के निर्देश

## विभिन्न समस्याओं से संबंधित 220 आवेदकों ने लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान लगभग 220 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये।स्वास्थ्य सुविधाओं, आधार कार्ड का नागरिकों ने लिया लाभकलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई में एडीएम अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

### पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई आयोजित, पुलिस अधीक्षक ने लोगों की समस्याओं को सुना

गुना में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में आज दिनांक 07 अप्रैल 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम सभागृह में जनसुनवाई आयोजित की गई । इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं । पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनसुनवाई का उद्देश्य शिकायत लेकर आए नागरिकों को त्वरित राहत व न्याय प्रदान करना है । जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध एवं लंबित प्रकरणों से जुड़े मामले सामने आए, जिनमें कुछ का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया । जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा, एसडीओपी राघौगढ श्रीमती दीपा डोडवे, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, एसडीओपी चाचौडा मनोज कुमार झा सहित अन्य थाना प्रभारी उपस्थित रहे ।



WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**

**Location : Raipur City**

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

**समाचार संक्षेप**

## चाचौड़ा में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

चाचौड़ा (हरिभूमि न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चाचौड़ा में वेयर हाउस स्थित चौराहे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में चाचौड़ा-बीनागंज भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीना, विधायक प्रतिनिधि अनिरुद्ध मीना, भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश मीना सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री प्रबल प्रताप सिंह निक्की, कुसुम लता कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ज्योति स्वरूप शर्मा, राजेश खंडेलवाल, पूर्व नगर परिषद



अध्यक्ष भोला सोनी, दिनेश भार्गव, नंदकिशोर सैनी, रामबली शर्मा, संतोष मीणा, गौरव चौकसे, पार्षद लक्ष्मीबाई, उपाध्यक्ष नगर परिषद रश्मि कल्लू शर्मा, सूरज पालीवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश खंडेलवाल का शाल ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। विचार व्यक्त किए गए वरिष्ठ नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी का मुख्य उद्धेश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।मंडल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर जनसेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने संगठन की मजबूती और सेवा भाव को ही भाजपा की पहचान बताया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और जनकल्याण के संकल्प के साथ किया गया।

## ग्राम वटावदा में नरवाई प्रबंधन को लेकर किसानों को किया जा रहा जागरूक

चाचौड़ा (हरिभूमि न्यूज)। गुना जिले के कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार ग्राम सहित आसपास के गांवों में कृषि विभाग द्वारा नवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कृषि अमले द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को नरवाई नहीं जलाने तथा इसके उचित प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है।किसानों को बताया जा रहा है कि फसल




अवशेष जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है, जिससे भविष्य में पैदावार घटती है। साथ ही, मिट्टी की नमी बनाए रखने की क्षमता भी कम हो जाती है, जिससे सिंचाई पर अतिरिक्त भार पड़ता है।शासन द्वारा नवाई जलाने की रोकथाम के लिए प्रोत्साहन एवं दंड दोनों का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत एक एकड़ तक के किसानों को 2500, एक एकड़ से अधिक पर 5000 तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 तक का आर्थिक दंड निर्धारित किया गया है।कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई के बाद खेत में अवशेष (नवाई) को न जलाएं, बल्कि रोटावेटर, हैप्पी सीडर या सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग कर उसे मिट्टी में मिलाएं, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन में वृद्धि हो।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.डी. सिलावट के मार्गदर्शन में क्षेत्र के कृषि विकास अधिकारी लगातार फील्ड में पहुंचकर किसानों को जागरूक कर रहे हैं और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# राघोगढ़ विधानसभा के आरोन में भाजपा का विस्तार, कई कार्यकर्ताओं ने ली सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आरोन तहसील में भाजपा को उस समय मजबूती मिली जब मुस्लिम समाज सहित विभिन्न वर्गों के कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान क्षेत्र में सामाजिक कार्यक्रमों और शोक सभाओं में भी सहभागिता की गई।

राघोगढ़ विधानसभा क्षेत्र की तहसील आरोन में भाजपा के विस्तार को लेकर सक्रियता देखने को मिली। मुस्लिम समाज के श्री राजू खान सहित करीब 20 कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के परिवारजनों से सौजन्य भेंट कर उनका हाल-चाल भी जाना। कार्यक्रम के दौरान हीरेंद्र सिंह 'बंटी बना' ग्राम वृंदावन में पार्टी कार्यकर्ता कुलदीप सिंह जादौन के टीका फलदान समारोह में शामिल हुए। साथ ही समाज बंधुओं से चर्चा कर क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी ली। गुलाब सिंह यादव और राजेश सिंह यादव ने बताया कि बंटी बना जी के पारिवारिक संबंधों और सद्भावनापूर्ण विचारों से प्रभावित होकर छोटी राघोगढ़ निवासी राजाराम यादव के यहां भव्य स्वागत किया गया, जहां सैकड़ों समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ली।इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र सिंह यादव ने अपने पिताश्री कल्याण सिंह यादव से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ ने बताया कि क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शोकाकुल परिवारों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की गईं।ग्राम काकरूआ में सीताराम यादव की माताजी के गंगा भोज में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं ग्राम राजौदा में देवेंद्र सिंह यादव की माताजी, नगर आरोन में रामबाबू साहू, इकोदिया निवासी साहू परिवार, तथा गायत्री मंदिर के पुजारी पंडित हरिओम शास्त्री के पिताश्री के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इसके अतिरिक्त नगर में जमुनालाल जी, राधेश्याम के परिवार, लल्लू सेन की माताजी और दीपक सेन की दादी मां को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहन प्रसाद 'नेताजी' के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी गई, जहां उनके नाती बब्बन श्रीवास्तव ने अपने साथियों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।ग्राम देवरी में महावीर सिंह और पवन सिंह के पिताश्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के अंत में दादाभाई श्री बंटी बना और मंडल अध्यक्ष श्री धाकड़ ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए गुना के लिए प्रस्थान किया।

# एसडीएम महिमा चौधरी ने किया फसल क्षति का निरीक्षण, किसानों को शीघ्र राहत देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

तहसील आरोन में हुई बारिश के कारण प्रभावित फसलों का अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सुश्री महिमा चौधरी ने ग्राम रूसल्ली कला पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के दल के साथ खेतों का जायजा लिया और फसल नुकसान की स्थिति का आकलन किया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित



तहसीलदार को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए और शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि किसानों को समय पर राहत उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कृषकों की फार्मर आईडी जल्द तैयार करने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के पश्चात ग्राम रूसल्ली कला में चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को नरवाई न जलाने और उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। एसडीएम ने बताया कि नरवाई जलाने से मृदा की उर्वरता प्रभावित होती है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है।इस अवसर पर किसानों को मृदा संरक्षण और बेहतर कृषि पद्धतियों के बारे में भी जानकारी दी गई। चौपाल में एसडीएम सुश्री महिमा चौधरी, प्रभारी तहसीलदार अमित जैन, नायब तहसीलदार कृष्णकांत चौबे, कृषि विभाग के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह बरैया, ग्राम पटवारी दीपक जाटव, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आरोन में मुनि श्री अविचल सागर जी का मंगल आगमन, प्रवचन में 'जीव कमाने' का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज का भव्य आगमन हुआ। जैन समाज ने उनका मंगल स्वागत कर शोभायात्रा के साथ बड़े जैन मंदिर पहुंचाया, जहां उन्होंने जीवन के मूल सिद्धांतों पर आधारित प्रेरणादायक प्रवचन दिए।

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज का मंगलवार को नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने सोबत मार्ग पर पहुंचकर मुनि श्री की मंगल आगवानी की।सोबत मार्ग से पनबाड़ी चौराहा होते हुए भव्य जुलूस के रूप में मुनि श्री को बड़े जैन मंदिर ले जाया गया। यहां नियम सागर भवन में आयोजित धर्मसभा में मुनि श्री ने अपने मंगल प्रवचन दिए।प्रवचन के दौरान मुनि श्री ने कहा कि किसी ने यह नहीं कहा, यहां तक कि भगवान ने भी नहीं कहा कि तुम सुखी हो जाओ—यह तो स्वयं मनुष्य की इच्छा है।

बड़े-बड़े साधक भी सुख प्राप्ति के लिए साधना नहीं करते, बल्कि जीवन में सबसे महत्वपूर्ण 'सुरक्षित होना' है, जिसे ही वास्तविक सुख कहा जा सकता है।उन्होंने कहा कि हम भगवान की भक्ति में भी सांसारिक वस्तुएं मांगते हैं, जबकि ब्रह्मांड में सर्वश्रेष्ठ पुण्य तीर्थंकर प्रकृति का बंध करने वाले जीव को ही प्राप्त होता है। जैन धर्म में केवल पुण्य कमाने की नहीं, बल्कि 'जीव कमाने' की अवधारणा प्रमुख है।मुनि श्री ने "परस्परोपग्रहो जीवाणाम" के सिद्धांत को समझाते हुए कहा कि संसार की सभी समस्याओं का समाधान जीव के माध्यम से संभव है। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रश्न करते हुए कहा कि क्या कभी हमने यह सोचा है कि हमने जीवित प्राणियों के लिए कितना सुख कमाया है?उन्होंने भगवान महावीर के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन में जितना संभव हो, जीवित जीवों के प्रति करुणा और सहयोग का भाव रखें।

मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतंग—सभी के साथ ऐसा व्यवहार करें कि भविष्य में वही जीव हमारी रक्षा के लिए खड़े हों। मुनि श्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि पुण्य से ही सुख मिलता, तो भगवान आदिनाथ को आहार के लिए छह माह तक भटकना नहीं पड़ता। इसलिए पुण्य केवल मनोरंजन दे सकता है, जबकि वास्तविक सुख और सुखानुभूति जीवित प्राणियों से ही प्राप्त होती है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एनएफएल नर्सरी मंदिर में भजन कीर्तन के साथ पक्षियों के लिए बांधे गए सकोर

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

एनएफएल अंजनी सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा एनएफएल स्थित नर्सरी मंदिर परिसर में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में भजन कीर्तन के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पक्षियों के



लिए सकोरे जल व दान पात्र बांधे गए इस अवसर पर एनएफएल की बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही जिन्होंने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया महिलाओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को भक्ति मय बनाया और पक्षियों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पेड़ों पर सकोरे बांधकर सकारात्मक संदेश दिया समिति के सदस्यों ने बताया कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों को पानी और भोजन की अत्यधिक आवश्यकता होती है ऐसे में यह पल उनके जीवन को बचाने में सहायक सिद्ध होगा कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जीव जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है स्थानीय लोगों ने समिति के प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा की ।



## रामघाट नदी तट पर चला स्वच्छता अभियान

राघोगढ़। मंगलवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अमित सोनी के मार्गदर्शन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के नेतृत्व में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत रामघाट चौपट नदी रूठियाई तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान नदी तट की व्यापक साफ-सफाई की गई, जिसमें लगभग दो ट्रॉली अपशिष्ट सामग्री एकत्रित कर हटाई गई। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण के साथ-साथ नदी तट के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम के दौरान आमजन से सुझाव भी लिए गए, ताकि रामघाट नदी तट को स्वच्छ और सुंदर स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने श्रमदान कर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।इस मौके पर उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक कीर्ति सिंह, पार्षद प्रतिनिधि इकलाख खान सहित नगर पालिका का स्वच्छता अमला मौजूद रहा।

# जिला चिकित्सालय अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया



**अशोकनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला चिकित्सालय, अशोकनगर परिसर में एक विस्तृत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, डिफेंस काउंसिल डिप्टी विष्णु नारायण विरथरे एवं जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एल. टैगोर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त जिला चिकित्सालय के अन्य चिकित्सकगण,नर्सिंग स्टाफ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी- कर्मचारी भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान उपस्थित नागरिकों, मरीजों एवं उनके परिजनों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर, निर्धन, महिला, बालक, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य पात्र व्यक्तियों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही लोक अदालत, मध्यस्थता, परामर्श सेवाएं एवं अन्य वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों की जानकारी भी सरल एवं सहज भाषा में प्रदान की गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसेकृस्वास्थ्य जांच, रोगों की रोकथाम, स्वच्छता, पोषण एवं नियमित उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित चिकित्सकों द्वारा आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान आमजन की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिविर में भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।



## जमूसर गांव में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, कुप्रथा के खिलाफ लिया संकल्प।

अशोकनगर। जिले के ग्राम जमूसर में स्व. चाली राजा यादव की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि स्व. चाली राजा यादव, छोटे राजा यादव के बड़े पुत्र थे, जिनका कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था।

श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव ने उपस्थित जनसमूह से 'तैरवी' जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का आग्रह किया। उनके इस प्रस्ताव का गांव के सभी लोगों एवं रिश्तेदारों ने समर्थन किया और भविष्य में ऐसी कुप्रथाओं को न अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री कृष्ण संस्थान के अध्यक्ष राव रंजीत सिंह यादव, महुअन के पूर्व जनपद अध्यक्ष राव रामराजा यादव, अमरोद यादव महासभा अध्यक्ष जयराम सिंह यादव, सरपंच सिंहपुर चालदा रामसिंह यादव, सचिव परमाल सिंह यादव, सोतेर के राजेन्द्र सिंह यादव, उमरिया के बलबीर सिंह यादव, सरपंच नारायण सिंह सरसेला, अंगद सिंह यादव, आराम सिंह यादव, पूर्व पार्षद राजीव, सरपंच मान सिंह यादव, डॉ. देवेन्द्र यादव, रामभरत यादव, ऊदल सिंह यादव, बलबंत सिंह यादव, संजय सिंह यादव सहित समस्त ग्रामवासी एवं रिश्तेदार उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 212 आवेदकों की समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 212 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम जोलन निवासी गोपाल जाटव द्वारा पट्टा कंप्यूटर में दर्ज कराए जाने, ग्राम हिनोतिया निवासी रतनलाल वंशकार द्वारा भूमि भूमि पट्टा कंप्यूटर पर दर्ज कराए जाने, ग्राम सिरसी निवासी मनोज अहिरवार द्वारा इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाए जाने, ग्राम मल्हारगढ़ निवासी दीपक सेन द्वारा भूमि का नामांतरण कराए जाने, शाढौरा निवासी मनोहर वंशकार द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने, ग्राम फुटेरा निवासी किरण द्वारा इलेक्ट्रिक बाइक दिलाए जाने, ग्राम खड़ीचरा निवासी राम सिंह द्वारा राशन दिए जाने, ग्राम ढूढेर निवासी गुलाब द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि एवं वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने, ग्राम मदऊखेड़ी निवासी मलखान यादव द्वारा आवास पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए जाने, ग्राम कचनार निवासी राधेश्याम अहिरवार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिलाए जाने, खड़िया मोहल्ला शाढौरा निवासी रमेश आदिवासी द्वारा सीमांकन कराए जाने, ग्राम खोरीबरी निवासी सूरज अहिरवार द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने, वार्ड क्रमांक 14 मुंगावली निवासी आराम अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने संबंधी सहित अन्य समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम

# पैरामेडिकल छात्र स्वस्थ समाज की रीढ़: डॉ. जयमंडल यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय गुरुदेव संस्थान पैरामेडिकल कॉलेज, अशोकनगर में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. दीपक रघुवंशी आयुष चिकित्सक एवं डॉ. जयमंडल यादव (चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी एवं अध्यक्ष आरोग्य भारती, अशोकनगर) का गरिमामय सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**स्वास्थ्य प्रबंधन पर दिया जोर** ख्य वक्ता डॉ. दीपक रघुवंशी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आधुनिक जीवनशैली में आयुष पद्धतियों और स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पैरामेडिकल क्षेत्र के छात्रों पर भविष्य में समाज को स्वस्थ रखने की बड़ी जिम्मेदारी है।




### रेडक्रास और सेवा भाव की सीख

डॉ. जयमंडल यादव ने रेडक्रास सोसायटी और आरोग्य भारती के सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए छात्रों को सेवाभावी बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि पूर्ण शारीरिक और मानसिक कल्याण है। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अनुज पाराशर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## पृथ्वीराज बौद्ध भिक्षु की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई

**अशोकनगर।** चंद्रोदय बुद्ध विहार तहसील चंदेरी में पृथ्वीराज बौद्ध भिक्षु का निधन 03 अप्रैल को गया था जिसके उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि बसपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल देलवार, विशिष्ट अतिथि टी.आर. भंडारी,वरिष्ठ नेता दामोदर प्रसाद, एन.एफ.एल.विजयपुर से सेवा निवृत असिस्टेंट इंजीनियर मुन्नालाल अहिरवार,प्रकाश चंद बौद्ध,विशेष रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों एवं सभा में उपस्थित गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात सभा में उपस्थित वक्ताओं पृथ्वीराज के जीवन और उनके कार्य की सराहना की एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि देलवार ने कहा कि पृथ्वीराज बौद्ध ने बुद्ध विहार में करीब 10 वर्ष सेवा की जिसका बौद्ध समाज ऋणी रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में पृथ्वीराज बौद्ध के परिजन एवं चंदेरी तहसील के आसपास के सभी बौद्ध अनुयाई शामिल हुए।

## श्रद्धालु पहुंचे थाने, दो युवकों पर मामला दर्ज

# करीला आए श्रद्धालुओं से दुकानदारों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

बहादुरपुर थाने के अंतर्गत मंगलवार सुबह करीला में एक श्रद्धालु के साथ दो दुकानदार युवकों ने वाहन निकालने की बात से मारपीट कर दी। इस मारपीट से गुस्साए करीब एक सैकड़ा श्रद्धालु बहादुरपुर पुलिस थाने पहुंच गए और इस घटना की षिकायत कर दी। इसके बाद पुलिस ने दो दुकानदार युवकों पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। षिकायतकर्ता अजय लोधी निवासी विसुनपुरा बामौरकलां जिला षिवपुरी ने अपने षिकायती आवेदन में बताया कि वह करीब एक सैकड़ा साथियों के साथ करीला आया था, मंगलवार सुबह जब सभी लोग वापिस लौट रहे थे तो एक दुकानदार से ठेला हटाने की बात से उनका विवाद हो गया। जिस पर अजय को इंदरभान सिंह यादव और अंकेष यादव नामक दुकानदारों



ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने युवक की षिकायत पर दोनों दुकानदारों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना षुरु कर दी है।

**दो दिन पहले ही उठाई गई थी चैकी की मांग** बीते दिनों जब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अषोकनगर जिले के प्रवास पर आए थे तो जसैया ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति सुनीता राजभान यादव ने दिषा की बैठक से पहले श्री सिंधिया से भेंटकर करीला में स्थाई पुलिस चैकी स्थापित करने की मांग रखी थी। उनका कहना था कि करीला धाम विदिषा जिले की सीमा से सटा हुआ है। वहां जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां अपराध अधिक होते हैं।

## फलबहार रोपणियों की नीलामी

**अशोकनगर।** उद्यान विभाग की जिले की रोपणियों पर फलबहार की नीलामी रोपणी कार्यालय पर की जाना है। इस हेतु विकासखण्ड अशोकनगर के शासकीय रोपणी मलखेडी में आम की नीलामी 13 अप्रैल को दोपहर 02 बजे से, विकासखण्ड चंदेरी के शासकीय रोपणी पिपरोद में आम,कटहल की नीलामी 15 अप्रैल को दोपहर 02 बजे से, मुंगावली की शासकीय रोपणी गुपलिया में आम, कटहल हेतु 16 अप्रैल को दोपहर 02 बजे से तथा विकासखण्ड ईसागढ़ की शासकीय रोपणी जंघार में आम,कटहल हेतु 17 अप्रैल को दोपहर 02 बजे से नीलामी की जायेगी। इच्छुक बोलीदार नियत समय एवं दिनांक को उपस्थित होकर बोली लगा सकते है।

# हाई स्कूल और हायर सेकंड्री की उत्तर पुस्तिकाओं का 100 प्रतिशत मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चल रहा था जो 5 अप्रेल को पूरा हो गया है। 100 प्रतिशत मूल्यांकन पूर्ण होने की जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल को दी गई है। मूल्यांकन अधिकारी बीके बामोरिया ने बताया कि अशोकनगर जिला मुख्यालय पर बनाए गए मूल्यांकन केन्द्र उत्कृष्ट विद्यालय पर 87285 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आईं थीं। इन उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य निरंतर किया जा रहा था, 5 अप्रेल को 54 परीक्षको की उपस्थिति में मूल्यांकन का 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है, जिसमें अंग्रेजी और संस्कृत की सर्वाधिक उत्तर पुस्तिकाएं 14400 प्रत्येक विषय के रूप में मूल्यांकन के लिए आई थीं इनके अलावा अन्य विषयों की भी उत्तर पुस्तिकाएं थीं। इस प्रकार हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा की 45156 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई थीं, इन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। जिनमें सर्वाधिक उत्तर पुस्तिकाएं अंग्रेजी विषय की 10800 उत्तर पुस्तिकाएं थीं।

**न्यायालय कुलदीपसिंह जादौन, नायब तहसीलदार तहसील चॉचौड़ा जिला गुना म.प्र.**

प्रकरण क्रमाक/0003/अ-20(3)/2025-26/145

चाँचौडा दिनाक 01/04/2026

लोक निमार्ण विभाग जिला गुना म.प्र. ...आवेदक

विरूद्ध

म.प्र. शासन पटवारी ग्राम लखनवास तहसील चौचौड़ा जिला गुना म.प्र. ........अनावेदक

-: विज्ञप्ति सूचना :-

जये इस्तहार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोक निमार्ण विभाग जिला गुना द्वारा ग्राम लखनवास स्थित भूमि सर्वे क्रमाक 24/1 रकबा 32.035 हे0 भूमि में से रकबा 7. 000 हे० भूमि को मार्ग निर्माण हेतु आबंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय, जिला गुना को प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय, (राजस्व) उपखण्ड चॉचौडा के माध्यम से विधिवत भूमि आबंटन की कार्यवाही के प्रस्ताव भेजने हेतु प्राप्त हुआ। उपरोक्त भूमि के आबंटन के संबंध में यदि कोई अन्य व्यक्ति या पूर्त संस्था आवेदित भूमि का आवंटन चाहती है तो वह उद्घोषणा में उल्लेखित अंतिम तिथि तक प्ररूप एक में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगी। ऐसी अन्य संस्था द्वारा प्रक्रिया शुल्क रुपए दस हजार शासकीय खजाने में परिशिष्ट क में उल्लेखित मद में जमा कर उसकी पावती की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाएगी। प्रक्रिया शुल्क आवेदन के अमान्य होने की दशा में वापिस नहीं किया जाएगा और न ही मान्य होने की दशा में किसी देय राशि के विरूद्ध समायोजित किया जाएगा। अतः आवेदित संस्था को आबंटित किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनाक 01/04/2026 (जारी दिनांक से 15 दिवस) को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वंय या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनाक 01/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**(कुलदीपसिंह जादौन)**
**नायब तहसीलदार परगना चाँचौडा**

## खबर संक्षेप

### जहरीले पदार्थ का सेवन करने से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम म्यापुर निवासी बुलबुल पुत्री विजय रघुवंशी उम्र 20 साल ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### तेज आवाज में डीजे बजाने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली थाने की पुलिस ने स्थानीय बगुल्या मैरिज गार्डन में तेज आवाज में रात्रि 12:30 बजे डी.जे बजाए जाने पर डीजे संचालक, राजकुमार उर्फ गोलू पुत्र कैलाश लोधी निवासी दियाधरी, हाल निवासी दुवे हॉस्पिटल के पास अशोकनगर के विरूद्ध सक्षम अधिकारी की वैध अनुमति के साउण्ड सिस्टम तेज आवाज में बजाए जाने पर मामला दर्ज किया गया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की बहादुरपुर थाने की पुलिस ने ग्राम बाबरौद निवासी संतोष साहू के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने मढी कानूनगों निवासी जगदीश कोरी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने कोलुआ निवासी रकीब मुसलमान के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। मुंगावली के ग्राम सेमरखेडी निवासी शेर सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्याण सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बहादुरपुर के ग्राम बीलाखेड़ा निवासी राजभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी बैजनाथ यादव और राजनाथ यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### राजस्व की हानि को लेकर जिला आबकारी अधिकारी पर निलंबन की कार्रवाई

# जिले में शराब की दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया में अब भी 6 दुकानें शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में आवकारी दुकानों की नीलामी को लेकर चल रही प्रक्रिया से विभाग को अब तक लाखों की हानि हो चुकी है जिसके बाद भी अभी तक 6 दुकानों की नीलामी नहीं हो सकी है। इन दुकानों की नीलामी में अनियमित्ता और लापरवाही को लेकर आवकारी आयुक्त ने जिले के आवकारी अधिकारी गुरूप्रसाद केवट के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की है। आवकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने अपने आदेश में कहा है कि दुकानों के निष्पादन में शासकीय राजस्व हित में तत्परतापूर्वक कार्यवाही नहीं की गई जिससे निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो सकी है। जिसके बाद उन्हें, उपायुक्त कार्यालय आवकारी ग्वालियर में पदस्थ किये जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

अशोकनगर जिले के आवकारी अधिकारी गुरूप्रसाद केवट पर गुना के आवकारी अधिकारी का प्रभार भी चल रहा था, अशोकनगर जिले में देशी विदेशी मदिरा की कम्पोजिट 33 दुकानों को लेकर नीलामी होना थी। इन दुकानों की नीलामी में से 15 दुकानों की नीलामी हो चुकी थी, 18 दुकानों की नीलामी और होना थी ,जिसमें से 12 दुकानों की नीलामी के अवार्ड 6 अप्रेल को जारी किए गए थे, 7 अप्रेल से यह दुकानें खुलना थीं, यह दुकानें अब प्रारंभ हो रही हैं। इन दुकानों का ठेका पीयूष राय निवासी झांसी द्वारा लिया गया है, अब 6 दुकानों के 15वे चरण में नीलामी की जाना है।

### विभाग को कई दुकानों से निर्धारित मूल्य से कम राजस्व मिला

जिला आवकारी प्रभारी अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि अशोकनगर गुरप के अंतर्गत 5 दुकानों में अशोकनगर 1, अशोकनगर 2, मोहरी राय, बस स्टेण्ड और इमला की दुकानों का ठेका 51 करोड 35 लाख 75 हजार 299 रूपए में गया है। विभाग की ओर से 64 करोड 98 लाख 8 हजार 888 रूपए में जाने की दर तय की गई थी जिसमें विभाग को 5.86 प्रतिशत राजस्व



कम मिला है, लेकिन पिछले वर्ष से 18.73 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार ईसागढ समूह के अंतर्गत आने वाली दुकानों में ईसागढ 1 , ईसागढ 2, कदवाया, ढाकोनी और पारसौल की दुकानों की नीलामी 17 करोड 36 लाख 50 हजार रूपए में हुई है, जो पिछले वर्ष से 26 प्रतिशत ज्यादा है। विभाग द्वारा इन दुकानों की नीलामी का लक्ष्य 19 करोड 22 लाख 11 हजार 111 रूपए का तय किया गया था, जिससे 9 प्रतिशत राशि का राजस्व कम मिला है। इसी प्रकार शाढ़ौरा की दुकान के लिए 9 करोड 7 लाख 50 हजार की नीलामी हुई है यहां पिछले साल की तुलना में 15.21 प्रतिशत अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है, जबकि लक्ष्य से 18 प्रतिशत कम है, यहा लक्ष्य 11 करोड 9 लाख 20 हजार 231 रूपए तय किया गया था। इसी प्रकार नईसरायं की दुकान की नीलामी 8 करोड 29 लाख रूपए में की गई है, जिसके लिए 10 करोड 35 लाख 44 हजार 512 रूपए की राशि निर्धारित की गई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 12 प्रतिशत राशि अधिक मिली है और लक्ष्य से 19 प्रतिशत राशि कम आई है।

### 6 दुकानों पर 15वें चरण में भी नहीं हो पाई नीलामी

अब जिले में 6 दुकानें अभी भी नीलामी के लिए शेष हैं जिनमें चन्देरी 1, मुंगावली 1, प्राणपुर, राजघाट, झीला और महिदपुर की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों में से 5 दुकानों के लिए 39 प्रतिशत कम राशि का टेंडर आया है,विभाग द्वारा माइनस 30 प्रतिशत देने का निणर्य लिया गया है इस कारण यह सभी 6 दुकानें होल्ड पर हैं। 15वां चरण आज पूरा हो गया है, शासन ने माइनस 30 प्रतिशत पर स्वीकृति देने का निर्णय लिया है। इन दुकानों को लेकर नीलामी का इंतजार है। 1 अप्रेल से सौंपा जाना थी दुकानें, 7 अप्रेल को सौंपी गई, विवाद आ सकता है

दुकानों की नीलामी को लेकर मुंगावली क्रमांक 1, चन्देरी क्रमांक 1, प्राणपुर और राजघाट के लिए नईं आवकारी नीति के अंतर्गत नीलामी की जाना है। ई टेंडर के माध्यम से मदिरा दुकान का निष्पादन केवल एकल दुकानों के लिए किया जाएगा, जिसमें 15वे चरण में आरक्षित मूल्य से 70 प्रतिशत से कम का ऑफर न किया जाए, 14वें चरण में मदिरा दुकान के लिए आरक्षित मूल्य से 70 प्रतिशत के मूल्य के और उससे अधिक प्रतिशत के प्रक्रिया में हैं। जिले में जिन दुकानों का अवार्ड 6 अप्रेल को हुआ है उन दुकानों से देशी विदेशी मदिरा का विक्रय पिछले 6 दिनों से नहीं हो पाया है। अब विभाग ठेकेदारों से 1 अप्रेल की निर्धारित तिथि से ही राशि मांग रहा है जबकि ठेकेदार जिस तारीख को अवार्ड हुआ है उसी तारीख से राशि देने की बात कर रहे हैं।

### 6 दुकानों की नीलामी न होने से आबकारी विभाग कर रहा है शराब का विक्रय

अशोकनगर जिले की जिन 6 दुकानों की अब तक नीलामी नहीं हुई है उन दुकानों पर कब तक नीलामी की प्रक्रिया चलेगी यह कह पाना कठिन है जिसके चलते शासन को राजस्व की हानि हो रही है। इन दुकानों पर कोई ठेकेदार नहीं होने के कारण अब विभाग के अधिकारियों ने स्वयं देशी विदेशी मदिरा विक्रय करने का निर्णय लिया है जिसमें चंदेरी 1, मुंगावली 1, प्राणपुर, राजघाट,झीला, महिदपुर में विभाग के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं शराब का विक्रय कर रहे हैं। जिला प्रभारी आबकारी अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि 6 दुकानों पर शासन स्तर पर संचालन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसमें संजय सिंह वर्मा एडीओ द्वारा चन्देरी क्षेत्र में और सुरेश रघुवंशी द्वारा मुंगावली क्षेत्र में दुकानों का विभाग के कर्मचारियों से संचालन कराया जा रहा है।



### 2016 में भी बहादुरपुर क्षेत्र में आबकारी विभाग ने किया था शराब का विक्रय

ज्ञात हो कि वर्ष 2016 में भी ऐसी ही स्थिति बहादुरपुर क्षेत्र की दुकानों में बनी थी, जहां विभाग को स्वयं शराब की दुकानें संचालित करना पड़ी थीं, ऐसी ही स्थिति अब 10 साल बाद 2026 में बनी हैं। नई आबकारी नीति शासन ने बनाई जरूर लेकिन उस नीति को लेकर पर्याप्त समय नहीं दिया गया जिसके कारण यह पूरी निष्पादन की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पाई है। देखना है कि 6 दुकानों पर विभाग ही शराब का विक्रय करेगा या फिर ई टेंडर के माध्यम से ठेकेदारों को व्यवस्था सौंपी जाएगी। 6 दुकानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में अब अन्य दुकानों के ठेकेदारों द्वारा पर्दे के पीछे से शराब का विक्रय किया जा रहा है, जिससे शासन को अब तक लाखों रूपए के राजस्व की हानि हो चुकी है।

## जिले में मौसम में फिर आया परिवर्तन, आकाश में बादल छाए



**अशोकनगर।** एक बार फिर मध्यप्रदेश में हो रहे मौसम परिवर्तन के चलते जिले में भी मैं भी मौसम का असर देखने मिल रहा है। शहर के आकाश पर बादल छाए हैं और पंखों की हवा ठंडी लगने लगी है। मौसम की स्थिति बदलने के कारण लोगों को बीमारियों का भी सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों के साथ बुखार के रोगी भी बढ़ गए हैं मौसम का असर व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।

अप्रैल के महीने में लगातार मौसम बदलता आ रहा है जिसके कारण बदलाव का संकेत अभी से मिल रहा है जबकि ग्रीष्म काल के मौसम में अप्रैल का महीना सबसे गर्मी भरा होता है। अप्रैल के महीने में ही मौसम के बिगड़ने के कारण आम जन परेशान है किसान भी परेशान है उन्हें मंडियों में माल लाने से पहले ढक्कर लाना पड़ रहा है, कहीं ऐसा न हो की मौसम बदल जाए और उनका माल गीला हो जाए। जिले में 15 अप्रैल से गेहूं की खरीदी शुरू होना है उससे पहले जरूरी है कि खरीदी केंद्रों पर खरीदे जाने वाले माल को बचाने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए जाएं ताकि माल गीला न हो सके। बड़े पैमाने पर इस बार गेहूं का उत्पादन होने की संभावना जताई जा रही है उससे लगता है कि इस बार अगर मंडियो में दाम अधिक मिले तो किसान खरीदी केरदों की ओर कम जा सकते हैं और अगर खरीदी केंद्रों पर मंडी के बराबर दाम रहे तो किसान खरीदी केंद्रों की जगह मंडी में ही माल बेचना पसंद करते हैं।

अशोकनगर जिले में गेहूं बड़ी फसल के रूप में सामने आता है जिसमें मिल क्वालिटी का गेहूं खरीदी केंद्रों में खरीदा जाता है यहां मिल क्वालिटी के अलावा 1544 और शरबती गेहूं भी आता है लेकिन मिल क्वालिटी का गेहूं ही खरीदी केंद्रों पर जाता है। इस बार मंडी में मिल क्वालिटी गेहूं के दाम भी अधिक रहने की संभावना है इस कारण किसान मंडियों में अपने माल को लाने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन मौसम का मिजाज किसानों में चिंता की लकीरें पैदा कर रहा है यही समय मंडियों का रहता है यही समय व्यापारियों के काम धंधे का रहता है और इसी समय पर शादी विवाह की शुरुआत होती है। 15 अप्रैल से विवाह की श्रृंखला शुरू हो रही है ऐसी स्थिति में एक महीने तक यह विवाह 15 मई तक चलेंगे। ऐसी स्थिति में मौसम का असर इन शादी विवाहों पर भी पड़ सकता है। इसलिए शादी विवाह वाले परिवारों में भी चिंता का विषय है कि कहीं मौसम में बदलाव न हो जाए। मौसम की दृष्टि से जाने तो यह सही भी है कि जितनी गर्मी पड़ेगी उतनी वर्षा होगी इसलिए गर्मी पड़ना भी आवश्यक है, देखना है कि आने वाले दिनों में कैसा मौसम रहता है।

### जैन भवन में विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने बुनकर भाइयों से आत्मीय की मुलाकात

**अशोकनगर।** मंगलवार अशोकनगर स्थित जैन भवन में विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने बुनकर भाइयों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुनकर समुदाय के कार्यों का अवलोकन किया तथा उनकी आजीविका से जुड़ी समस्याओं एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विधायक ने कहा कि बुनकर भाई हमारी पारंपरिक कला, कौशल और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण वाहक हैं। उनके उत्थान, सशक्तिकरण एवं आर्थिक विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बुनकरों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का भी आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान उपस्थित वरिष्ठजनों एवं बुनकर भाइयों ने विधायक का स्वागत करते हुए अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए वे निरंतर कार्यरत रहेंगे।



## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रासेयो एवं रेड रिबन क्लब ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई की रासेयो इकाई एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहराई के महाविद्यालय के स्टॉफ एवं समस्त विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें विशेष रूप से भारत सरकार का महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत टी बी उन्मूलन हेतु किए जा रही गतिविधियों की जानकारी देते दी गई।

जिला क्षय अधिकारी डॉ अशोक शाक्य द्वारा विस्तृत रूप से बताया कि टी बी या तपेदिक या क्षय रोग बेहद संक्रामक है जिसे पूर्ण उपचार एवं उच्च प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार के साथ साथ समुदाय के सभी वर्ग के लोगों के सक्रिय जन भागीदारी से ही खत्म करना संभव है। सभी को संकल्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि इस अभियान में टी बी मुक्त भारत बनाने हेतु लोगों को जागरूक कर उन्हें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आधुनिक मशीन द्वारा जांच कराने हेतु प्रेरित करें। आगे डॉ शाक्य द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना से हुई। इस संगठन की आधिकारिक स्थापना 7 अप्रैल, 1948 को वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने और विश्व स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई थी। स्वस्थ समाज के लिए व्यायाम, पूरी नींद और नशामुक्ति है जरूरी है।

इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026, जो 7 अप्रैल को मनाया गया, दुनिया भर के लोगों को विज्ञान का समर्थन करने और उस पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। ष्स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहेंष् की थीम के साथ, इस वर्ष का उत्सव एक साल भर चलने वाले अभियान की शुरुआत का प्रतीक है जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि वैज्ञानिक सहयोग किस प्रकार मनुष्यों, जानवरों, पौधों और पर्यावरण के स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद करता है। प्राचार्य एवं रासेयो जिला संगठक डॉ अतुल गुप्ता के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सिहारे ने बताया कि शिविर में 34 हितग्राहियों का परीक्षण किया गया। शिविर में वजन, ब्लड प्रेशर, शुगर और बीएमआई की जांच की गई । रेड रिबन क्लब प्रभारी रविन्द्र कुमार रीतोरिया ने कहा कि सोशल मीडिया की भ्रामक जानकारियों से बचने और सही इलाज अपनाने की आवश्यकता है।



## सोगरिया-धनबाद के बीच 13 ट्रिप विशेष एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन

**अशोकनगर।** यात्रियों की ग्रीष्मकालीन अवकाश में बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा भोपाल मंडल होकर सोगरिया धनबाद सोगरिया के मध्य ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि गाड़ी संख्या 09821 (सोगरिया-धनबाद) 16 अप्रेल से 9 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को 13 फेरों में सोगरिया से रात्रि 23.10 बजे प्रस्थान कर गुना 02.20 बजे एवं अशोकनगर 03.05 बजे आगमन कर तीसरे दिन शनिवार को रात्रि 03.45 बजे धनबाद जंक्शन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09822 (धनबाद- सोगरिया) 18 अप्रेल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को 13 फेरों में धनबाद जंक्शन से 05.15 बजे प्रस्थान कर दुसरे दिन रविवार को अशोकनगर 02.00 बजे एवं गुना 03.35 बजे आगमन कर प्रातः 07.35 बजे सोगरिया पहुँचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में सोगरिया, बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जंक्शन, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जंक्शन, कोडरमा, पारसनाथ, एनएससी बोस जंक्शन गोमो स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

**गुना एवं अशोकनगर स्टेशनों से होकर गुजरेगी**

### पहले बस को बनाया निशाना, फिर पुलिस की गाड़ी पर बरसाए पत्थर

## शराबियों का आतंक, नशेड़ियों ने डायल-112 पर किया पथराव, फोड़ दिए कांच

**अशोकनगर।** चंदेरी नगर के वार्ड क्रमांक 20 और 21 में पिछले कई वर्षों से फल-फूल रहा अवैध कच्ची शराब का काला कारोबार अब आम जनमानस के साथ-साथ पुलिस के लिए भी जी का जंजाल बन गया है। सोमवार देर रात शराब के नशे में धुत असामाजिक तत्वों ने सारी सीमाएं लांघते हुए पुलिस की डायल 112 पर पथराव कर दिया, जिससे गाड़ी का सामने वाला कांच (विंड शील्ड) चकनाचूर हो गया।

### विजय ढाबे पर हुआ खूनी संघर्ष

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच विजय ढाबा पर शराबियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। नशा इस कदर हावी था कि शराबी आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि इन उपद्रवियों ने पहले एक बस के शीशे तोड़े। जब मामले की सूचना पुलिस को दी गई और डायल 112 मौके पर पहुंची, तो बेखौफ शराबियों ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया।

### सियासी संरक्षण और आबकारी की सुस्ती

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि फतेहाबाद के गली-मोहल्लों में बिक रही इस कच्ची शराब को किसी सफेदपोश बाहुबली का संरक्षण प्राप्त है। यह तथाकथित नेता पुलिस और प्रशासन से निपटने का ठेका लिए हुए है, जिसके चलते आबकारी विभाग और जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। सस्ते नशे के लालच में आसपास के लोग यहाँ खिंचे चले आते हैं और फिर सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाते हैं।



### पर्यटकों की सुरक्षा पर मंडराता खतरा

फतेहाबाद क्षेत्र ऐतिहासिक कुशक महल के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ बड़ी संख्या में विदेशी और स्थानीय पर्यटक आते हैं। यदि प्रशासन ने इन अवैध शराब ठिकानों पर कठोर लगाम नहीं लगाई, तो आने वाले समय में पर्यटकों के साथ बदसलूकी या उनकी गाड़ियों पर हमले की बड़ी घटना घट सकती है। जब अपराधी पुलिस की गाड़ी को निशाना बनाने से नहीं चूक रहे, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा? क्या प्रशासन इस शराब माफिया और उनके राजनीतिक आकाओं पर शिकंजा कस पाएगा।

## शाढौरा प्लेटफार्म पर नहीं है शौचालय रेलवे कर्मचारी और यात्री परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढौरा

रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था के नाम पर हमेशा करोड़ो रूपये खर्च किए जाते हैं, रेल यात्रियों की समस्याएं जस की तस है। शौचालय के अभाव में रेल यात्री और रेल कर्मियों को भारी दिक्कत हो रही है। परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मांग करने के बाद भी बावजूद भी रेल यात्रियों और रेल कर्मियों के लिए शौचालय का निर्माण नही कराया जा रहा है। शौचालय के अभाव में रेल यात्री और रेल कर्मियों को भारी दिक्कत हो रही है। सबसे ज्यादा तो महिला यात्रियों को परेशानी होती है।

प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर शौचालयों की सुविधा प्लेटफॉर्म न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे खास कर महिला यात्रियों को परेशानी होती है। ऐसे में स्टेशन मास्टर को कितना दिक्कत होता होगा ,यह अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मप्र शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा, विधायक व पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन

# टीईटी के नए नियम के खिलाफ अब आर-पार की जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, जिला अशोकनगर ब्लॉक अशोकनगर ने शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी के विरुद्ध प्रभावित शिक्षकों के हितार्थ, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से राहत हेतु अध्यादेश अथवा पुनर्विचार याचिका हेतु म.प्र शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर अशोकनगर में संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय को प्रदेश के हजारों शिक्षकों के भविष्य के लिए गंभीर संकट बताते हुए विधायक को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विधायी हस्तक्षेप की मांग की है।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ अशोकनगर के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र अरोरा के नेतृत्व में आज अशोकनगर में विधायक हरि बाबू राय को ज्ञापन दिया गया गया। विधायक राय ने शिक्षकों से कहा कि में आपके साथ हूँ। इसके बाद सभी शिक्षक पूर्व विधायक जजपाल सिंह को ज्ञापन देने के लिए सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे।

#### संघ की प्रमुख मांगें

- पुनर्विचार याचिका राज्य शासन और स्कूल शिक्षा विभाग सर्वोच्च न्यायालय में निर्णय के विरुद्ध तत्काल पुनर्विचार याचिका दायर करे।
- केंद्र सरकार के माध्यम से लोकसभा एवं राज्यसभा में संशोधन विधेयक लाया जाए ताकि पुराने शिक्षकों के हितों का विधिक संरक्षण हो सके।
- मध्यप्रदेश में टीईटी की बाध्यता की प्रभावी तिथि 26 मार्च 2011 है, इसे आधार मानकर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को छूट दी जाए।

पूर्व विधायक की अनुपस्थिति में कार्यालय प्रभारी विष्णु शर्मा, धर्मेंद्र रघुवंशी और भाजपा नेता लखन रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेताओं ने कहा कि सरकार शिक्षकों के सम्मान को ठेस नहीं पहुंचाएगी। हम मुख्यमंत्री से मिलकर इस प्रकरण में आपके सहयोग हेतु अनुरोध करेंगे।



जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक उन शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करना है, यदि समय रहते प्रदेश और केंद्र सरकार शिक्षकों की मांगों का निराकरण नहीं करती हैं तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के इस कार्यक्रम में महेशप्रसाद भार्गव, शांतिलाल परिहार, सुनील शर्मा,आशा रघुवंशी, सीमा शर्मा, रानी तिवारी, शांति चैबे,वर्षा पंडाग्रे,सहित सैंकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


#### क्या है पूरा विवाद

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय के सिविल अपील संख्या 1385/2025 के निर्णय पर निम्नलिखित चिंताएं जताई हैं

- कोर्ट के नए निर्णय के अनुसार, कक्षा 1 से 8 तक कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए नियुक्ति तिथि चाहे जो भी हो, ज्म्ज उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है।
- टीईटी एक्ट 2009 और एनसीटीई की 2010 की अधिसूचना के अनुसार, वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अर्हताप्राप्त और छूट प्राप्त की श्रेणी में रखा गया था। नया निर्णय इस विधिक अंतर को नजरअंदाज करता है।
- इस निर्णय से मध्य प्रदेश के लगभग 70 हजार और देशभर के करीब 25 लाख शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, आजीविका और पदोन्नति पर तलवार लटक गई है।

4 हजार रुपए का है एक ही टीका जो शासन मुफ्त लगवा रहा

# नई उपलब्धि: एचपीवी टीकाकरण में राजगढ़ जिला पूरे भारत में अव्वल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य और जागरूकता के मोर्चे पर राजगढ़ जिले ने इतिहास रच दिया है। घातक सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी(ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान में राजगढ़ जिला न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे भारत में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

जिले ने अपने निर्धारित लक्ष्य 15,942 को शत-प्रतिशत प्राप्त कर देश के मानचित्र पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस उपलब्धि में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की सूक्ष्म योजना और दृढ़ इच्छाशक्ति रही है। 28 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एक मिशन की तरह लिया। अभियान के दौरान वे प्रतिदिन सुबह ब्लॉक-वार समीक्षा करते थे। उनकी इस सक्रियता ने स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी विभागों के बीच एक मजबूत समन्वय स्थापित किया, जिससे धरातल पर परिणाम नजर आए।

### भ्रांतियों पर भारी पड़ी जागरूकता

वैक्सीनेशन के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सामने कई चुनौतियां भी आईं। कई परिवारों में टीके को लेकर भ्रांतियां थीं, जिन्हें दूर करने के लिए विशेष प्रयास किए गए। सकारात्मक तथ्यों और वीडियो के माध्यम से लोगों के मन से डर निकाला गया। प्रिंट मीडिया के माध्यम से उन बालिकाओं के अनुभव प्रकाशित किए गए जिन्होंने टीका लगवाया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर कैंसर से बचाव के वैज्ञानिक लाभ बताए।

### सुरक्षित हुईं 15,942 बेटियां'

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम ने फील्ड पर पसीना बहाया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भकोरिया ने बताया कि हमने जिले की 15,942 बालिकाओं को सुरक्षित करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सबसे सुखद बात यह है कि वैक्सीनेशन के बाद किसी भी बालिका में कोई प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला। अब ये बेटियां भविष्य में होने वाले कैंसर जैसे गंभीर रोगों से सुरक्षित हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और उन अभिभावकों को जाता है जिन्होंने विज्ञान और स्वास्थ्य पर भरोसा जताया। राजगढ़ मॉडल अब अन्य जिलों के लिए भी एक मिसाल बन गया है।

### 4 हजार का है यह एक ही टीका

आपको बता दें की 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने पूरे विश्व में 10 करोड़ से अधिक बालिकाओं को यह टीका लगाया जा चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कम से कम करके इस टीके की कीमत 4000 निर्धारित की लेकिन भारत में यह टीका निश्चित आयु वर्ग की बालिकाओं का निशुल्क लगाया जा रहा है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग में बने फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के मामले में बैठी जांच से हड़कंप

## सीएमएचओ ने सांधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जारी आठ फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र के खुलासे के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद मामले को गंभीरता से देखते हुए जांच बैठा दी गई है, वहीं कई और संदिग्ध प्रकरणों के सामने आने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में इस मामले को लेकर हलचल तेज हो गई है, लेकिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) अब तक इस पूरे प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे सवाल और गहराते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। जांच के दौरान रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं और संबंधित दस्तावेजों की बारिकी से पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच के लिए विशेष दल रवाना

Bhopal Guna Bhoomi - 04 Apr 2026 - Page 4


स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पूरी जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा केस

रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बन गए 8 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

▶▶ मामले में इस्तीफा दे चुके पूर्व ऑपरेटर की भूमिका ज्यादा संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जिले के स्वास्थ्य महकमे में जो न हो जाए कम है। गत दिवस ही कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं स्थापना के लिपिक का वेतन उस दिन तक रोकने के तल्ख निर्देश दिए थे जब तक संविदा कर्मचारियों को उनकी तनखाह न मिल जाए। उक्त मामला अभी चर्चा में ही था कि जीरापुर क्षेत्र से जुड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में जन्म-मृत्यु पंजीयन पोर्टल के साथ बड़ी डिजिटल छेड़छाड़ का मामला सामने आ गया।

रामगढ़ पीएचसी(प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में मात्र कुछ ही मिनटों के भीतर ओटीपी और जीमेल एक्सेस का दुरुपयोग कर 08 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। चैंकाने वाली बात यह है कि इन प्रमाण पत्रों में मध्य प्रदेश के साथ-साथ तेलंगाना राज्य के आवेदकों के नाम भी शामिल हैं, जो एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता की ओर ईशारा कर रहे हैं।



संस्था प्रभारी के पास आई ओटीपी से मालूम हुआ खेल

रामगढ़ पीएचसी प्रभारी डॉ. सिमरन ठाकुर ने बताया कि 16 मार्च 2026 की शाम जब अस्पताल में कोई भी कर्मचारी पोर्टल पर काम नहीं कर रहा था, तभी अचानक उनके मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त हुआ। इसके तुरंत बाद एक के बाद एक साथ आठ एसएमएस आए जो जन्म प्रमाण-पत्र जनरेट होने के संबंध में थे। मामले की गंभीरता को देखेते हुए डॉ. सिमरन ने मोबाइल नंबर तो बदल दिया लेकिन लेकिन पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पोर्टल से जुड़ा था, जिसका फायदा उठाकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया।

शक की सुई पूर्व ऑपरेटर पर

प्राथमिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि पूर्व में भी एक फर्जी प्रमाण पत्र का मामला सामने आया था, जिसके बाद डेटा एंट्री ऑपरेटर अर्जुन बैरागी ने इस्तीफा दे दिया था। आशंका जताई जा रही है कि पोर्टल की लॉगिन आईडी और पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पूर्व ऑपरेटर के पास होने के कारण इस सुरक्षा चूक का लाभ उठाया गया। 16 मार्च की रात को जीमेल आईडी बदली गई, लेकिन अगले ही दिन फिर से लॉगिन के प्रयास किए गए, जो पोर्टल की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करते हैं।

इन नामों से जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्र

पोर्टल का दुरुपयोग कर नंदनी सोनी, मोहम्मद बिलाल मंसूरी, सुनीताबाई बाई बागरी, पिंकी, मनीषा कुमारी, मुलागेरी श्रावंती (तेलंगाना), अकान बाई और अनिल नाथ के नाम पर प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। संस्था प्रभारी डॉ. सिमरन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को लिखित शिकायत के बाद साक्ष्य (ओटीपी स्क्रीनशॉट और फर्जी प्रमाण पत्र) विभाग को सौंप दिए हैं। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस डिजिटल सेंधमारी के पीछे के असली मास्टरमाइंड और पूर्व ऑपरेटर की भूमिका पर क्या सख्त एक्शन लेता है।

इनका कहना है

मामला डिजिटल क्राइम से जुड़ा है इसलिए हमने मामले की इतिला जिला पुलिस की साइबर सेल को भी लिखित में कर दी है। वहां से प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कार्यवाही करेंगे।

- सुनील चौरसिया, ब्लॉक मेडीकल ऑफिसर, जीरापुर, जिला राजगढ़

किया गया है, जिसने मामले में संदिग्ध ऑपरेटर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में अहम सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान और भी नाम उजागर हो सकते हैं, साथ ही फर्जी जन्म-प्रमाण पत्रों की संख्या में भी इजाफा होने की आशंका है।

गौरतलब है कि यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। यदि जांच में और गड़बड़ियां उजागर होती हैं, तो कई जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

### पुलिस ने पूछताछ के लिए इन्हें उठाया

जानकारी के मुताबिक कंप्यूटर ऑपरेटर लखन बैरागी के साथ लोक सेवा केंद्र जीरापुर से तीन चार लोगों को उठाया है, जिसमें एक धतरावदा का है एक मीणा गांव का है एक और अन्य गांव का बताया जा रहा है। फिलहाल तीन लोगों की जानकारी स्पष्ट नहीं की है।

कृषि उपज मंडी में गेहूं की नीलामी अचानक बंद कर देने पर किसान आक्रोशित हो गए

# कम दाम और डिजिटल पर्ची विवाद से फूटा किसानों में आक्रोश, हाईवे पर लगाया जाम

**व्यापारी बोले: समस्याओं से मंडी सचिव और एसडीएम को अवगत कराया लेकिन समाधान नहीं होने पर नीलामी रोकी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कृषि उपज मंडी में गेहूं की नीलामी अचानक बंद होने से नाराज किसानों ने सोमवार को हंगामा किया। आक्रोशित किसानों ने मंडी के बाहर प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया और व्यापारियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सड़क पर यातायात बाधित रहा, जिससे आम लोगों को परेशानी हुई।

किसानों का आरोप था कि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि शनिवार को जो गेहूं 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था, वह सोमवार को 2100 रुपए तक गिर गया।


विदिशा। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाइश देने पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

किसानों ने अचानक नीलामी बंद करने को अन्याय बताते हुए तत्काल नीलामी शुरू करने और उचित दाम दिलाने की मांग की। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे और मंडी परिसर के बाहर प्रदर्शन जारी रखा। व्यापारियों ने नई मंडी में बुनियादी सुविधाओं और दुकानों की कमी को भी एक बड़ी समस्या बताया। उनका आरोप है कि उन्होंने इन समस्याओं से मंडी सचिव और एसडीएम को पहले ही अवगत कराया था, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ, जिसके कारण उन्हें नीलामी रोकनी पड़ी।

व्यापारियों ने यह भी तर्क दिया कि मिल क्वालिटी गेहूं का बाजार भाव लगभग 2300 रुपए प्रति क्विंटल है, लेकिन परिवहन और अन्य खर्चों के कारण उन्हें कम कीमत पर खरीद करनी पड़ती है। उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जल्द शुरू करने की भी मांग की।

### डिजिटल पर्ची नहीं अपना पाए सभी व्यापारी

दूसरी ओर व्यापारियों ने नीलामी बंद करने के पीछे अपनी मजबूरियां बताईं। उनका कहना है कि मंडी समिति ने हाल ही में मैन्युअल भुगतान पर्चियों को बंद कर केवल कंप्यूटरीकृत पर्चियों को अनिवार्य कर दिया है। अधिकांश व्यापारी अभी पूरी तरह डिजिटल

### एसडीएम शर्मा ने दिया स्पष्टीकरण

एसडीएम क्षितिज शर्मा ने स्पष्ट किया कि मंडी बोर्ड के निर्देशानुसार कंप्यूटरीकृत पर्चियां अनिवार्य हैं। इस संबंध में व्यापारियों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति को देखते हुए अस्थायी रूप से मैन्युअल पर्चियों की अनुमति दी गई है। व्यापारियों को जल्द से जल्द डिजिटल व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।

साल 2024 में हुई थी घटना

# भाई को जान से मारने का प्रयास करने वाले भाई को 6 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में जमीन विवाद के चलते अपने ही भाई को जान से मारने की नीयत से हत्या का प्रयास करने वाले उसी के ही बड़े भाई को राजगढ़ कोर्ट ने 6 साल की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर अर्थ दंड भी अधिरोपितपित किया है।

### यह था पूरा मामला

अधिवक्ता विजय सिसोदिया से मिली जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर 2024 को गोपाल अपने कार्य से कहीं जा रहा था। इसी दिन उसके बड़े भाई गोपाल बापूलाल ने जमीन के पुराने चले आ रहे हैं विवाद को लेकर उसके सिर पर कुल्हाड़ी मार दी।इस हमले में छोटा भाई गोपाल बुरी तरह लहूलुहानन हो गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल गोपाल को तुरंत माचलपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे राजगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। मामले में माचलपुर पुलिस ने उसे समय आरोपी बापूलाल पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया। चालान कोर्ट में प्रस्तुत होने पर तमाम गवाहों एवं सबूत के बिना पर कल 7 अप्रैल को सत्र न्यायाधीश राजगढ़ श्री विजय जी ने आरोपी बापू लाल को 6 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया।

### आवास कॉलोनी में मिला 6 माह के नवजात का भ्रूण

जीरापुर(सं)- नगर के आवास कॉलोनी में उस समय सनसनी फैल गई जब उस वार्ड की एक गली में करीब 6 माह की नवजात का भ्रूण पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने सुबह के समय गली से गुजरते हुए उक्त नवजात देखा, जिसके बाद क्षेत्र में हलचल मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि भ्रूण को यहां किसने और क्यों फेंका। लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर तीन लोगों ने किया जानलेवा हमला, तीनों गिरफ्तार

**गंभीर हालत में किया भर्ती**

**हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर।** नगर के वार्ड 15 स्थित बागकुआ टंकी चैक में सोमवार रात पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से तीन लोगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया हैं। पुलिस के मुताबिक दीपक प्रजापति और विमल पुष्पद के बीच पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो रही थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दीपक के भाई और पिता सहित तीन लोगों ने मिलकर विमल पर चाकुओं से हमला कर दिया। जिसमें विमल पिता कैलाश पुष्पद 25 वर्ष निवासी बागकुआ टंकी चैक, गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे तत्काल एम्बुलेंस द्वारा सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालात गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर चाकू के 7-8 गहरे घाव हैं। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी जगदीश पिता रामप्रसाद प्रजापत, दीपक पिता जगदीश और राहुल पिता जगदीश सर्व निवासी सारंगपुर के खिलाफ अपराध क्रमांक 277-बी के तहत धारा 296, 115(2), 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार लिया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# गर्मी के चलते स्कूलों के समय बदला शिक्षकों को 1:30 तक रुकना होगा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। जारी निर्देशानुसार कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं शैक्षणिक स्टाफ को दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है।

# सड़क किनारे शराब दुकान का विरोध कर रहे व्यापारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खरीफाटक मेन रोड पर शराब दुकान खोले जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 9 व्यापारियों को सिविल लाइन पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार किया।

बढ़ते विरोध के बाद सिविल लाइन थाने के टीआई आरके मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए 9 व्यापारियों को हिरासत में लेकर थाने ले गए।



सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। रात करीब 9:30 बजे घटना की जानकारी मिलते ही व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेंद्र सोनी और उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी थाने पहुंचे।

महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने मुंबई में होने के बावजूद मोबाइल पर चर्चा कर सहयोग किया। पदाधिकारियों की मांग पर रात 10:30 बजे एसडीएम कोर्ट में पेशी कराई गई। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने विशेष रूप से कोर्ट खुलवाकर रात 11 बजे सभी व्यापारियों को जमानत दे दी।

# पेंशनर्स का जिला स्तरीय सम्मेलन 24 मई को

**जीरापुर।** स्थानीय पेंशनर भवन में पेंशनर संघ की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें पेंशनर संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य की मौजूदगी में पेंशनर्स जिला सम्मेलन आगामी 24 मई 2026 को आयोजित किए जाने पर सर्वानुमति से निर्णय लिया गया। इसी के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय पर चर्चा करते हुए पेंशनरों को हर सुविधा उपलब्ध हो ऐसा तय किया गया। आगामी जिला पेंशनर्स सम्मेलन में स्थानीय पेंशनरों एवं जिले के पेंशनरों को सम्मानित करने को निर्णय लिया। जिला सम्मेलन को लेकर विभिन्न समितियां का गठन भी किया गया। बैठक का संचालन पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए पेंशनरों की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा कहा कि पेंशनर के लिए हम हमेशा तत्पर रहते हैं आप जो भी उचित काम हो मुझे बताएं हम सब मिलकर करेंगे। बैठक में नवीन पेंशनर ओमप्रकाश सेन , नरेंद्र मिश्रा , अशोक शर्मा ,हजारीलाल दांगी को सम्मानित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ठाकुर मोहन सिंह जमींदार , विशेष अतिथि प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता , प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता ने की। जहां पर प्रमुख रूप से पेंशनर संघ के वरिष्ठ पंडित दिनेश नागर, रमेशचंद्र शर्मा, मांगीलाल अहिरवार , रमेशचंद चैरसिया, गोपाल जमींदार , शिवनारायण मंडलोई , सुरेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गोपालपुरा में गूंजी शिव महापुराण कथा, दूसरे दिन शिव लीला व रुद्राक्ष महिमा वर्णन

# मानव जीवन में कभी भी असत्य का साथ नहीं देना चाहिए, ऐसे लोगों को भगवान शिव कभी माफ नहीं करते: हरिओम महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के गोपालपुरा वार्ड 18 स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। यह आयोजन 10 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चलेगा। जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे है। कथा दूसरे दिन कथा वाचक पंडित हरिओम महाराज ने भगवान शिव की अद्भुत लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शंकर ने ब्रह्मा जी के पांचवें मुख को अपने नाखून से काट दिया था, क्योंकि ब्रह्मा जी ने असत्य का सहारा लिया था। ऐसे में अगर इंसान भी असत्य का साथ देता है, तो वह पाप के भागीदार बनते है, जिन्हे भगवान शिव कभी माफ नहीं करते है। इस प्रसंग के माध्यम से सत्य के महत्व और अहंकार त्यागने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही देवर्षि नारद के मोह का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसमें बताया गया कि अहंकार के कारण किस प्रकार नारद जी माया के जाल में फंस गए थे। कथा के माध्यम से जीवन में विनम्रता और भक्ति के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। कथा वाचक ने रुद्राक्ष की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि रुद्राक्ष भगवान शिव के आंसुओं से उत्पन्न माने जाते हैं और अत्यंत पवित्र होते हैं। उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष के 12 प्रमुख प्रकार होते हैं, जिनका धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व अलग-अलग है। इन्हें धारण करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति प्राप्त होती है। कथा के दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यह धार्मिक आयोजन न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज में धर्म, सत्य और सदाचार के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहा है।

